p>

Title: Problems being faced by the candidates of Scheduled Castes and Scheduled Tribes at the IIT Examniantion, 2008.

श्री गणेश सिंह (सतना) : अध्यक्ष महोदय, मैं देश के एक ऐसे बड़े शैक्षणिक संस्थान, आई.आई.टी. दिल्ली में अध्ययनरत उन 20 छात्रों का मुद्दा उठा रहा हूं, जिन्हें संस्थान से यह कह कर निष्कासित कर दिया गया है कि उनका शैक्षणिक स्तर कमजोर है।

18.51 hrs.

(*Shri Varkala Radhakrishnan* in the Chair)

सभापति महोदय, उक्त 20 छात्रों में से 12 छात्र, एस.सी. और एस.टी. वर्ग से आते हैं, जिन्हें भारत सरकार ने आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई है। यदि उन छात्रों का शैक्षणिक स्तर ठीक होता, तो आरक्षण का लाभ उन्हें क्यों दिया जाता। छात्रों ने संस्थान के डायरैक्टर, सुरेश प्रसाद जी एवं डीन, श्री एस.आर. काले के समक्ष मर्सी अपील भी की थी, लेकिन उनकी अपील को एकतरफा खारिज कर दिया गया। संस्थान ने उक्त छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया तथा यू.जी.सी. की गाइड लाइन का भी उल्लंघन किया है। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि सभी 20 छात्रों को पुनः आई.आई.टी. दिल्ली में वापस लिया जाए और उनके भविष्य की रक्षा की जाए।